बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल
नर्मदापुरम रोड भोपाल - 462026

क्रं./ 859 /अकादमी/पीएच.डी./2026 भोपाल, दिनांक- 15/04/2026

:: अधिसूचना ::

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के पीएच.डी. पाठ्यक्रम के अंतर्गत प्रवेश सत्र-2022, सत्र-2024-25 एवं सत्र- 2025-26 के पात्र अभ्यर्थियों हेतु कोर्सवर्क कक्षा दिनांक- 24 अप्रैल 2026 से प्रारंभ की जाएगी।

कोर्सवर्क कक्षा हेतु विवरण निम्नानुसार है:-

1. पीएच.डी. कोर्सवर्क की अवधि छः (6) माह की होगी।
2. कक्षाएँ कार्यालयीन समय में संचालित की जाएगी। कोर्सवर्क कक्षा का संचालन ऑफलाइन मोड से किया जायेगा।
3. कोर्सवर्क विषय से संबंधित पाठ्यक्रम का अध्यापन कार्य की समय-सारणी विश्वविद्यालय वेबसाइट पर पृथक से उपलब्ध कराई जाएगी।
4. कोर्सवर्क कक्षाओं का संचालन समय-सारणी में दिये गये शैक्षणिक विभागों में आयोजित की जावेगी।
5. कोर्सवर्क के प्रथम तीन माह में उपस्थिति UTD विभागाध्यक्ष / विषय समन्वयक शोध केन्द्र विभागाध्यक्ष द्वारा एवं अगले तीन माह की उपस्थिति निर्धारित प्रारूप में शोध निर्देशक के मार्गदर्शन में विद्यार्थी अपने प्रस्तावित विषय क्षेत्र पर रिव्यू ऑफ लिटरेचर (ROL) के साथ तैयार कर मूल्यांकनार्थ हेतु कोर्सवर्क समन्यवक के पास प्रस्तुत करेंगे।
6. पीएच.डी. कोर्सवर्क की कक्षाएँ अध्यादेश- 11 एवं यू.जी.सी. रेगुलेशन- 2022 के अनुसार किया जाएगा।
7. कोर्सवर्क कक्षा में अभ्यर्थियों को नियमानुसार 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। पृथक से कक्षा आयोजित नहीं कराई जाएगी।
8. कोर्सवर्क कक्षा में शिक्षक / शोधार्थी के उपस्थिति पत्रक में हस्ताक्षर अनिवार्य है, जिसका अवलोकन सक्षम अधिकारी के द्वारा प्रतिदिन किया जावेगा।
9. कोर्सवर्क समन्वयक (समस्त अभ्यर्थी कोर्सवर्क से संबंधित जानकारी हेतु अग्रलिखित समिति के सदस्यों से संपर्क करें) –

स. क्रं.	विवरण	समन्वयक / सदस्य
1.	प्रो. नीरज गौर, बीयू आई.टी., बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल	कोर्सवर्क समन्वयक
2.	प्रो. रागिनी गोथलवाल, बायोटेक्नोलॉजी विभाग, ब.वि.वि. भोपाल	सदस्य
3.	प्रो. विवेक शर्मा, क्रीम विभाग, ब.वि.वि. भोपाल	सदस्य
4.	प्रो. कुमरेश कश्यप, समाजशास्त्र विभाग, ब.वि.वि. भोपाल	सदस्य
5.	प्रो. विपिन व्यास, एक्वाकल्चर एवं जूलॉजी विभाग, ब.वि.वि. भोपाल	सदस्य
6.	प्रो. अनिल गुप्ता, कम्प्यूटर साइंस, ब.वि.वि. भोपाल	सदस्य

10. ऐसे अभ्यर्थी जो किसी संस्था में सेवारत है, वे अपने विभाग (नियोक्ता) से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर विश्वविद्यालय में दिनांक- 20/04/2026 तक जमा करना सुनिश्चित करें, अनापत्ति प्रमाण पत्र जमा न करने की दशा में अभ्यर्थी को कोर्सवर्क में सम्मिलित नहीं किया जावेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।
11. कोर्सवर्क कक्षा से संबंधित जानकारी हेतु अभ्यर्थी समय-समय पर विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.bubhopal.ac.in** का अवलोकन करते रहें।

नोटः- अधिक जानकारी के लिये अभ्यर्थी अध्यादेश- 11 एवं यू.जी.सी. रेगुलेशन- 2022 का अध्ययन करें।

डॉ. एस.बी. सिंह
कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल

पृ. क्रमांक- 860 /अकादमी/पीएच.डी./2026 **भोपाल, दिनांक- 15/04/2026**

प्रतिलिपिः-

1. सर्व संबंधितों की ओर सूचनार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/अध्यक्ष, अध्ययन मण्डल बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ।
3. प्रभारी, वेबसाइट, प्रकोष्ठ की ओर अपलोड करने के आशय से प्रस्तुत।
4. डी.एस.डब्ल्यू. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ।
5. डी.सी.डी.सी., बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ।
6. प्रभारी, मित्र कार्यालय, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ।
7. कुलपति जी के निज सहायक के माध्यम से कुलपति जी की ओर सूचनार्थ।
8. कुलसचिव जी के निज सहायक के माध्यम से कुलसचिव जी की ओर सूचनार्थ।
9. निज नस्ती।

डॉ. पुनीत शुक्ला
सहायक कुलसचिव (अकादमी)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल